हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 28 दिसंबर 2023

04 श्री पांडरिया देव बाबा भंडारा में शामिल...



07 विकसित भारत संकल्प यात्राः हितग्राहियों को किया गया...






झाड़ियों में बना रहे थे संबंध प्रेमी युगल, इस दौरान चारों ने उन्हें देखा और ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया, आरोपियों में दो बालिग, दो नाबालिग

### 24 घंटे के अंदर पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा, दो अभी भी फरार

# सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों के मकान पर चला बुलडोजर

अपराध पर अंकुश लगाने बुधवार को दुष्कर्म के आरोपियों के घर बुलडोजर चलाकर प्रशासन अवैध अतिक्रमण ध्वस्त किया। दरअसल अपराधियों ने रात्रि लगभग 12 बजे वे अपने मित्र के साथ हाइवे से बीटीआई को जोड़ने वाले मार्ग से शहर की ओर आ रही थी युवती के साथ दुष्कर्म किया था।





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुल से बीटीआई मार्ग की झाड़ियों में प्रेमी युगल को संबंध बनाते देख, उनको ब्लैकमेल कर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों के घर बुलडोजर से करवाई कर अवैध निर्माण को हटाया गया है। वारदात के 24 घंटे बीतने से पहले पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चार में से दो आरोपियों को देर रात धर दबोचा। वहीं अन्य दो आरोपी फरार हैं। पुलिस गिरफ्त में आए दो आरोपियों को बुधवार दोपहर जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। बुलडोजर कार्रवाई जिला एवं पुलिस प्रशासन ने मिलकर की। कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सर्राफ, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे, एसडीओपी पराग सैनी सहित पुलिस और नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

### झाड़ियों में संबंध बनाते देखा और दुष्कर्म किया

एसडीओपी सैनी ने मीडिया को बताया युवती ट्राइडेंट में नौकरी करती है। रात्रि लगभग 12 बजे वे अपने मित्र के साथ हाइवे से बीटीआई को जोड़ने वाले मार्ग से शहर की ओर आ रही थी। इस दौरान दोनो ने झाड़ियों में संबंध बनाना शुरू किया। तभी चारों आरोपी वहां पहुंच गए। चारों आरोपियों ने प्रेमी युगल के साथ मारपीट की ओर ब्लैकमेल कर युवती को झाड़ियों में ले जाकर एक के बाद एक दुष्कर्म कर वारदात को अंजाम दिया। दुष्कर्म के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। युवती किसी तरह दरिंदों के चंगुल से अपने आप को बचाकर घर पहुंची और परिजनों को वारदात होने की जानकारी दी। परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराया।

### एसपी ने तुरंत टीम गठित कर दो आरोपियों को धरदबोचा

कोतवाली से मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह को दी गई। श्री सिंह ने मामले की गंभीरता को दखते हुए तुरंत टीमें तैयार की और युवती के बताए हुलिए के हिसाब से आरोपियों की धरपकड़ के लिए सर्चिंग अभियान शुरू किया गया। पूरे मामले में एसपी की सूझबूझ काम आई। उन्होंने सबसे पहले वारदात के करीबी क्षेत्रों में आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें भेजी। इसके अलावा उन क्षेत्रों के बदमाशों को भी ट्रेस किया गया। यहीं एसपी की बनाई रणनीति काम आ गई। बीटीआई के चार बदमाश हुलिए के हिसाब से पहचान में आ गए। युवती ने उनके होने की तस्दीक की। देर रात 2 बजे के लगभग पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश दी। छापामार कार्रवाई के दौरान आरोपी भौचक्के हो गए। दो पुलिस के हत्थे चढ़ गए, बाकी दो पुलिस के हाथ नहीं लगे। पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल किया है।

### लूट-चोरी के भी आरोपी हैं चारों


सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ाए आरोपी और फरार आरोपी छोटी-मोटी लूट और मोबाइल चोरी की वारदात को भी अंजाम देते थे। सुनसान इलाकों में इनके द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया जाता था। चारों आरोपी सेक्स एडिक्ट है। वह हफ्ते में कई बार सेक्स वर्कर के संपर्क में रहते थे। वे लूट और चोरी के पैसों का इस्तेमाल केवल सेक्स वर्कर और भोग विलास में लुटाते थे। बहरहाल पुलिस मामले के जांच कर रही है। आगे और खुलासा होने के आसार है।

### इनका कहना है

मंगलवार शाम थाने सूचना आई थी। 22 वर्षीय लड़की जो ट्राइडेंट बुधनी में काम करती है वह अपने दोस्त के साथ रात करीब 12 बजे वापस लौट रही थी। बीटीआई के पास चारों लड़कों ने दोनों लड़कों और लड़की को आपस में मिलते देखा जिस पर वह उन्हें ब्लैकमेल करने लगे कि हम आपके घर पर बता देंगे की आप गलत काम कर रहे हो। इसके बाद उनका विवाद हुआ और अपराध हुआ जिसे हमने कायम कर लिया था। आरोपियों में दो नाबालिक और दो अज्ञात है। बुधवार को मौके पर पहुंचकर आरोपियों के अवैध निर्माण को तोड़ा गया है।

**पराग सैनी**, एसडीओपी, नर्मदापुरम

## मैं नर्मदा हूं.. मुझे जीवित इकाई का दर्जा मिला है.....



**नर्मदापुरम।** मैं सनातन हूं। मैं पुरातन हूं। आने वाले पीढ़ियों की रक्षार्थ हूं मैं। मैं गंगा से बड़ी हूं। देश-प्रदेश की रीढ़ हूं मैं। मैं शीतलता देती हूं, निर्मलता देती हूं, ऊॅर्जा देती हूं। फिर क्यों मेरा आंचल मैला किया रहा हैं? फिर क्यों शहर से निकलने वाले गंदे नाले मुझमें समाहित किए जा रहे है। क्या यह उचित है? ऐसे में मेरा अस्त्वि बचाने कौन आगे आएंगा!

### नर्मदापुरम खेल जगत के लिए अभूतपूर्ण उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ी अमरजीत सिंह व यश दुबे का चयन मप्र रणजी ट्रॉफी टीम के लिए हुआ एवम अनन्या दुबे यामिनी बिल्लोरे का चयन सीनियर वूमेंस टीम में हुआ। संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग के तेज गेंदबाज अमरजीत सिंह एवं यश दुबे का चयन मप्र रणजी ट्रॉफी टीम के लिए हुआ है। तेज गेंदबाज अमरजीत सिंह का यह पहला अवसर हैं की उनका चयन रणजी ट्रॉफी के लिए हुआ। वहीं संभाग की सीनियर वूमेंस खिलाड़ियों ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है विकेट कीपर बल्लेबाज यामिनी बिल्लोरे व बल्लेबाज अनन्या दुबे का चयन मध्य प्रदेश सीनियर वूमेंस टीम के लिए हुआ है। नर्मदपुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन की इस अभूतपूर्ण उपलब्धि पर संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी।

### दूसरे दिन भी औसत से अधिक रहा तापमान

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम में मौसम का मिजाज पश्चिमी विक्षोभ के कारण बदला हुआ है। बुधवार को भी अधिकतम तापमान सामान्य से 3.5 डिसे अधिक रहा और 30.2 डिसे दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तामपान में 14.5 डिसे रहा जो सामान्य से 2.4 अधिक था। इस दौरान मौसम में सुबह के समय आद्रता 74 और शाम को 61 प्रतिशत रही। इस दौरान हवा की रफ्तार 2 से 6 किमी प्रति घंटे रही। मौसम में बदलाव के आसार है।

## 3 दिवसीय नर्मदारंगम नाट्य महोत्सव 29 दिसंबर से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

साथी जनशिक्षण संस्कृति समिति द्वारा नर्मदारंगम नाट्य महोत्सव 2023 तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन 29 से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। समिति सचिव रत्नेश साहू ने बताया कि मप्र संस्कृति संचालनालय, मप्र शासन, संस्कृति विभाग, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी मप्र संस्कृति परिषद भोपाल के सहयोग से होने वाले इस समारोह में तीन दिन अलग-अलग नाट्य प्रस्तुतियों का मंचन नर्मदा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रतिदिन शाम 7 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है। जिसमें क्रमशः 29 दिसंबर दिन शुक्रवार को नाटक कौमुदी महोत्सव जिसके लेखक डॉ. रामकुमार वर्मा, निर्देशक रत्नेश साहू, प्रस्तुति समूह साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम मप्र, 30 दिसंबर दिन शनिवार को नाटक एम फॉर मार्केट जिसके लेखक पंकज रामेन्दु, मार्गदर्शक केजी त्रिवेदी, निर्देशक मृदुला भारद्वाज प्रस्तुति समूह त्रिकर्षी नाट्य संस्था भोपाल एवं समापन सत्र में 31 दिसंबर दिन रविवार को नाटक नेपथ्य में शकुंतला लेखक एवं निर्देशक मनोज नायर प्रस्तुति समूह शैडो थियेटर ग्रुप भोपाल मप्र का मंचन किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा विधायक नर्मदापुरम एवं विशिष्ट अतिथि द्वय डॉ. ओमप्रकाश भारती, विभाग अध्यक्ष प्रदर्शनकारी कला विभाग (फिल्म एंड थियेटर) महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र एवं कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## नर्मदापुरम में मना उदयप्रताप सिंह के मंत्री बनने का जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रीमंडल में पूर्व सांसद व गाडरवाड़ा विधायक उदय प्रताप सिंह को कैबिनेट मंत्री बनाने का जश्न नर्मदापुरम में मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी व पटाखे फोड़कर जश्न मनाया व मिठाई वितरण की। कैबिनेट मंत्री उदयप्रताप सिंह समर्थकों ने सतरस्ते स्थित काली मंदिर में पूजन-पाठ की। फिर उदय प्रताप सिंह की तस्वीर हाथों में रखकर भाजपा, उदयप्रताप सिंह जिंदाबाद के नारे लगाएं। ढोल-ताशे बजवाकर समर्थकों ने नाचकर खुशी भी जाहिर की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरण कर की आतिशबाजी। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक महालहा, लक्ष्मण बेस, भाजपा नगरमंत्री मनीष परदेशी, रुपेश राजपूत, गोपाल चौरे, अतुल भंडारी समेत अन्य मौजूद रहे।

### कायाकल्प की राह में रोड़ा बने, हटाया गया



**नर्मदापुरम।** बुधवार को कायाकल्प अभियान की राह में रोड़ा बने अतिक्रमण को हटा दिया गया। दरअसल वार्ड नंबर 5 में फूटा कुआं से दशहरा मैदान तक कायाकल्प अभियान के तहत अवरोध बन रहे पक्के और कच्चे अतिक्रमण को प्रशासन ने सख्ती से हटाया। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सर्राफ,एसडीओपी पराग सैनी, सीएमओ नवनीत पांडे,उपयंत्री महेंद्र सिंह तोमर और अतिक्रमण प्रभारी सुनील राजपूत व अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

## शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने दिखाए अपने खेल के हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, क्रिकेट,कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज नर्मदा पुरम में हुआ। सुबह 9 से ही अखिलेश दुबे एवं कविता सिंह खेल शिक्षक के पास रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के तत्वाधान में प्राचार्य शासकीय कन्या, प्राचार्य एसएनजी, प्राचार्य जुमेरती ,प्राचार्य सीएम राइस स्कूल के द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता प्रभारी अश्वनी मालवीय ने बताया कि स्कूल एस एन जी ग्राउंड में एथलेटिक्स की 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वॉलीबॉल, टेबल टेनिस टीम की चयन प्रक्रिया संचालित हुई। क्रिकेट प्रतियोगिताएं एसएनजी स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुई। बैडमिंटन की प्रतियोगिता नर्मदा कॉलेज बैडमिंटन हॉल में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में प्राचार्य, उच्च माध्यमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक, प्रयोगशाला शिक्षक, खेल शिक्षक ,सहित शालाओं के एवं कार्यालय के कर्मचारी ने भी अपने खेल के जौहर दिखाएं और वरीयता के आधार पर चयन हुए चयनित अधिकारी कर्मचारी संभाग स्तरीय बेतूल, हरदा और नर्मदा पुरम में आयोजित प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। गोला फेक में अर्पण दुबे ने लंबी दूरी पर गोला फेंक कर नर्मदापुरम जिले के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी बने। क्रिकेट की टीम का चयन वरीयता के आधार पर किया गया, जिसमें प्रथम चरण में 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया। कल द्वितीय चरण में 15 खिलाड़ियों की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। टीम के विकेट कीपर शैलेन्द्र तोमर ने बताया कि कप्तान अरविंद तिवारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रहेंगे एवं उप कप्तान संजय पंवार रहेंगे। बैडमिंटन की चयन प्रक्रिया के लिए प्राचार्य शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय को दायित्व सौंपा था, जिनके मार्गदर्शन में राकेश सराठे द्वारा वरीयता के आधार पर बैडमिंटन की टीम बनाई गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अर्चना मिश्रा एवं जय वर्मा प्राचार्य शासकीय एसएनजी स्कूल नर्मदापुरम रहे। नर्मदापुरम जिले से लगभग 90 अधिकारी कर्मचारी प्रतियोगिता में शामिल हुए।

### 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित होंगी अनेक पर्यटन संबंधी गतिविधियां

# पचमढ़ी उत्सवः सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



हिल स्टेशन पचमढ़ी में नए वर्ष के आगाज पर पर्यटकों को नया अनुभव और रोमांच देने के लिए 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक विभिन्न पर्यटन संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बुधवार को सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत ने कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में पचमढ़ी उत्सव के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आवंटित गतिविधियों का बेहतर ढंग से आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। सीईओ ने पचमढ़ी उत्सव के तहत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों की सभी सुसंगत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पचमढ़ी महोत्सव कार्यक्रम पचमढ़ी में 29 दिसम्बर से 1 जनवरी तक मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया है कि 29 दिसम्बर को शाम 6.30 बजे से हाट बाजार पचमढ़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ पचमढ़ी उत्सव का शुभारंभ होगा। इसके साथ विभिन्न गतिविधियों के क्रम में 29 से 31 दिसम्बर तक शाम 6.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक पारम्परिक एवं आर्गेनिक फूड फेस्टिवल की हाटबाजार पचमढ़ी में आयोजित किया जायेगा। इसी अवधि में अर्थात 29 से 31 दिसम्बर तक हाईस्कूल ग्राउंड पचमढ़ी में रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक स्टार गेजिंग, 30 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से पचमढ़ी रन का आयोजन हाईस्कूल ग्राउंड से प्रारंभ किया जाएगा, पचमढ़ी रन बस स्टेंड, ओल्ड होटल तिराहा रीछगढ़रोड, धूपगढ़ चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जय स्तंभ हाटबाजार पचमढ़ी तक आयोजित होगी। 30 दिसम्बर को माढ़ादेव पचमढ़ी रोड धूपगढ़ चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जयस्तंभ हाटबाजार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रॉक आर्ट पेंटिग वॉक आयोजित होगी।शासकीय पोलो उद्यान पचमढ़ी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक बर्ड वाचिंग पोलो गार्डन ट्रेल का आयोजन होगा।

30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक चंपक लेक के पास से फुटहिल रोड तक नेचर वॉक, इसी अवधि अर्थात 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक धूपगढ़ पचमढ़ी में योगा, 30 एवं 31 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक संगम जल प्रपात एवं चौरागढ़ पचमढ़ी में ट्रेकिंग, 30 एवं 31 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक बायसन लॉज जयस्तंभ राजभवन चर्च में हैरिटेज वॉक, 30 दिसम्बर को हाटबाजार पचमढ़ी में शाम 6.45 बजे से आर्मी बेंड की प्रस्तुति, 30 दिसम्बर को शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सूर्य नमस्कार पार्क पचमढ़ी में जुम्बा, 31 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक हाटबाजार चर्च केंट आफिस पुलिस थाना ओल्ड होटल हवाई पट्टी रीछगढ़ संगमटूर राजेन्द्र गिरी नालंदा टोला हाटबाजार तक पचमढ़ी ऑन सायकिल, 31 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से प्रातः 11 बजे तक वटर फ्लाई पार्क पचमढ़ी में बटर फ्लाई पार्क एक्टिविटी, 31 दिसम्बर को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक सूर्यनमस्कार पार्क पचमढ़ी में न्यू ईयर सेलिब्रेशन, 31 दिसम्बर एवं 1 जनवरी को रात्रि 6 बजे प्रातः 8 बजे तक पचमढ़ी झील पर बोन फायर नाईट कैंपिंग कार्यक्रम होगे।

## दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आरटीओ ने लगाए रेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के दिशा निर्देशानुसार तथा सड़क सुरक्षा बैठक में लिए गए तय नियमानुसार आरटीओ निशा चौहान समस्त विभागीय जांच दल के साथ नर्मदापुरम अनाज मंडी पहुंची, मंडी परिसर में खड़े अनाज भरे ट्रैक्टर मालिकों को बुलाकर सभी को नियमानुसार ट्रैक्टर चलाने, सभी रजिस्टर्ड वाहनों में सामने तथा पीछे की ओर नंबर प्लेट लगाने, रात्रिकालीन व कोहरे में दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक रूप से रेडियम लगाने, गाड़ी को बिना बीमा संचालित न करने की हिदायत दी गई, आरटीओ टीम द्वारा मंडी परिसर में खड़े लगभग 70 ट्रैक्टरों में रेडियम लगाया गया तथा आगे से बिना नियमों के चलने पर चालानी कार्यवाही की चेतावनी दी गई, आरटीओ निशा चौहान ने बताया कि ट्रैक्टरों में रेडियम लगाने का कार्य जांच दल द्वारा लगातार जारी रहेगा तथा वाहन मालिकों से नियमानुसार वाहनों को संचालित करने के लिए लगातार जांच टीम द्वारा वाहनों को जांचा तथा चालानी कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही में आरटीओ निशा चौहान के साथ संपूर्ण विभागीय जांच दल शामिल रहा।

## खबर संक्षेप

### निशुल्क शुगर व बीपी जांच शिविर आज

**भौंरा।** लायंस क्लब कैम्पस भौंरा द्वारा 28 दिसम्बर गुरुवार के दिन नगर में एक दिवसीय शुगर एवं बी पी जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के सचिव लायन पराग राठौर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्लब के सभी साथियों के सहयोग से बस स्टैंड के पास अशोक दुबे की दुकान के सामने गुरुवार को सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर में एक बजे तक शुगर एवं बी पी की जांच के लिए निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष लायन संजय शुक्ला ने नागरिको से क्लब द्वारा लगाए जा रहे इस शिविर में आकर अपनी जांच कराने की अपील की है।

### श्रीराम यज्ञ व श्रीराम कथा 7 जनवरी से


**भौंरा।** समीपस्थ ग्राम चिखल्दा में नए वर्ष के अवसर पर श्रीराम यज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है. यादव गवली समाज संघठन के जिला अध्यक्ष रूपलाल यादव ने बताया कि जन सहयोग से 9 दिवसीय यह कार्यक्रम श्री राधा कृष्ण मन्दिर के परिसर में आगामी जनवरी माह में 7 जनवरी रविवार से 13 जनवरी शनिवार तक के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाना है। श्रीराम कथा अखिलेस्वरी देवी द्वारा सुनाई जाएगी। 13 जनवरी को कथा का विश्राम होगा इस अवसर पर पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

## मामला ग्राम पंचायत तिरमहू का मामला, जिम्मेदार बेखबर

# बिजली के खंभों पर लगे स्ट्रीट लाइट महीनों से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

**छहः माह से बंद है स्ट्रीट लाइट**



शहर की तर्ज पर ग्राम पंचायतों में भी बिजली के खंबो पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा शासन के द्वारा उपलब्ध करवाई गई हैं। ग्रामीण में बिजली के खंबो पर लाइट लगने की जानकरी से ग्रामीण भी खासे खुस नजर आए क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर रोड पर अंधेरा छाया रहता था और जिससे दुर्घटना भी हमेशा होते रहते थी। ग्रामीणों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। लेकिन ग्राम पंचायत में लगे लाइट में भी भ्रष्टाचार किया है। आमला जनपद की ग्राम पंचायत तिरमहू में लगे स्ट्रीट लाइट काफी दिनों से बंद पड़े है। जो कि सिर्फ अब सोपिश बनकर खंबो की शोभा बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2021 में लाखों की लागत से स्ट्रीट लाइट क्रय कर खंबो पर लगाई गई थी। ग्रामीण रविकांत उघड़े ने सरपंच सचिव पर आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत द्वारा जो स्ट्रीट लाइट खरीदे गए है वो बहुत हि घटिया किस्म के है। जितने लाइट लगाना चाहिए था वो भी इनके द्वारा नही लगाए गए हैं। जब से लाइट लगे हैं तब से लगातार वे खंबो पर लगे लाइट ज्यादा दिन चालू नही रहे वे कभी भी बंद होते तो कभी चालू रहते बार-बार यह स्थिति बनने से ग्रामीणों में भी रोष व्याप्त है।

ग्रामीण ने बताया कि स्ट्रीट लाइट 6 माह से बंद पड़ी हैं। जिसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारी को भी होने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई हैं।ग्रामीण क्षेत्रो में जिम्मेदारों का गैर जिम्मेदाराना रवैया सामने आया है। जहाँ कोई सुध लेने वाला नही है।

### स्ट्रीट लाइट ग्यारंटी अवधि में हैः जेई

ग्राम पंचायत तिरमहू के स्ट्रीट लाइट से संबंधित जानकारी लेने पर जेई सजनदीप बरेले ने बताया कि तिरमहू में लगे स्ट्रीट लाइट को ग्राम पंचायत ने लगाया है जिसका भुगतान भी उन्होंने किया है। यह कार्य अभी ग्यारंटी में है। जिसका सुधार कार्य भी ग्राम पंचायत को ठेकेदार से कराना है। ग्रामीण हमारे पास आये थे। हमने पंचायत को पत्र भेजकर कहा कि ये ग्यारंटी में हैं इसे रिप्लेस करवाया जाए।

### दिखवाता हूं

मैं सचिव से बात करता हूं, क्यों बंद हो गई दिखवाता हूं।
**संजीत श्रीवास्तव,** सीईओ जनपद पंचायत आमला।
जिस दिन से लाइट लगे उस दिन से वसूली नहीं हो रही वह बिल नहीं भरा तो बंद कर दिए।
**दयाशंकर मालवीय, सचिव ग्राम पंचायत तिरमहू।**

## मनमानी वसूली के खिलाफ किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**शाहपुर।** भारती किसान संघ के ने नगर परिषद शाहपुर के अधिकारी एवं नगर परिषद अध्यक्ष के नाम हाटबाजार में की जा रही मनमानी वसूली के खिलाफ ज्ञापन सौंपा गया। भयावाडीग्राम के किसान संघ के अध्यक्ष राधेलाल घनकारे एवं ग्रामवासी सदस्य एवं सब्जी विक्रेता के द्वारा आज दिनांक 27 दिसंबर 2023 को हाट बाजार में जो ठेकेदार के द्वारा जो दुकान किराया वसूली की जाती है। उसके खिलाफ ज्ञापन दिया गया। जब हमारी बात अध्यक्ष राधे लाल घनकारेसे हुई तो उनके द्वारा बताया गया कि वह हाटबाजार में सब्जी बेचने वाले किसानों से दुकान किराए के रूप में मनमर्जी से पैसे वसूले जाते हैं। चाहे बड़ी दुकान हो या छोटी दुकान हो 50 रुपए किराया वसूला जाता है और ना ही उसकी कोई रसीद दी जाती है ।

## सुक्ष्म और लघु उद्योग पर कार्यशाला संपन्न

# 'रोजगार देने में सक्षम बनें युवा'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जेएच कॉलेज में इन्क्यूबेसन सेंटर के तत्वावधान में बुधवार छात्र-छात्राओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यशाला संपन्न हुई। सुक्ष्म एवं लघु उद्योग कैसे स्थापित करें एवं इनके सफल संचालन के लिए बैंक के माध्यम से ऋ ण प्राप्त करने के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला में गौरव वर्मा, ब्रांच मैनेजर, एसबीआई सदर बैतूल द्वारा व्याख्यान दिया गया। साथ ही प्रो.कृष्णा गौसर द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित इन्क्यूबेसन सेंटर की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि रोजगार करने वाले और रोजगार देने वाले भी बनो। जनभागीदारी अध्यक्ष धनश्याम मदान द्वारा छात्र-छात्राओं को एक सफल व्यापार करने की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो.स्वाति लोखण्डे, प्रो.प्रतिभा चौरे, जीतेन्द्र ढावले का सराहनीय योगदान रहा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक देशमुख ने दिलाई हितग्राहियों को शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




विकसित भारत की संकल्पव यात्रा का मुलताई की ग्राम पंचायत खडकवार में भव्य मंच बनाकर उपस्थित जनसमुदाय ने स्वा गत किया। इस अवसर पर विधायक श्री चंद्रशेखर देशमुख द्वारा जनता को विकसित भारत के लिए एकता और अखंडता के साथ 2047 तक विकसित भारत के रूप में देश को दुनिया के साथ विकासशील राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा करने की शपथ दिलाई गई। 16 दिसंबर से प्रारंभ इस संकल्पव यात्रा में आज दिनांक तक 120 वीआईपी की उपस्थिति में 88 हजार 306 हितग्राही शामिल हुए। इसमें 44 हजार 784 पुरूष, 43 हजार 402 महिलाएं शामिल थी। इस यात्रा के माध्यीम से 68 हितग्राहियों ने सुरक्षा बीमा का लाभ एवं जीवन ज्यो ति योजना से 49 हितग्राही लाभान्वित हुए। कार्यक्रम स्थेल पर आयोजित स्वा4स्यह केन्द्रों का लाभ 11 हजार 606, क्षय रोग 7691 एवं सिकल सेल के 2357 हितग्राहियों ने स्वायस्थ्े की जांच कराई। पीएमयू वार्ड के अंतर्गत 615 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन कराया।

**5 हजार से अधिक अवार्ड का हुआ वितरणः** संकल्पट यात्रा के दौरान विभिन्नज क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 5 हजार 235 हितग्राहियों और परिजनों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। 577 स्थाकनीय खिलाड़ियों को, 383 स्थामनीय कलाकार एवं 1706 महिला हितग्राही शामिल थे। इस यात्रा के दौरान 57 हजार 256 लोगों को एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। मेच्यूंरक खेती के लिए 103 किसानों को, आयुष्मोन योजना के तहत 53 प्रतिशत एवं हर घर योजना के तहत 26 प्रतिशत एवं अभिनंदन योजना के तहत 12 लोगों को अभिनंदन पत्र वितरित किए गए। इसके साथ 74 प्रतिशत लोगों को लैण्डे रिकार्ड का डिजिटाईजेशन दिया गया। इसके साथ 15 स्था नों पर खेती में ड्रोन की उपयोगिता को प्रस्तुात किया गया।

### गुरुवार को यात्रा का रूट चार्ट

विकसित भारत संकल्पच यात्रा 28 दिसंबर को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा के ग्रामों में पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्पच यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम दीवानचारसी तथा बोरीकास, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम गोंडीघोघरा, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम छुरी तथा चिखली आमढाना, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम ढोढरामउ तथा डाबरी, आमला जनपद पंचायत के ग्राम जमदेहीखुर्द तथा जमदेहीकला, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम छिन्दीच तथा रिधोरा, प्रभातपटटन जनपद पंचायत के ग्राम नान्दनकुड़ी तथा वायगांव, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम कोड़ी, भीमपुर जनपद पंचायत के ग्राम महतपुर जावरा में भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी देंगी।

# स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/शाहपुर

आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती भी मनाई जाती है।अटल जी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। देश की राजनीति में अटल जी ने अमिट छाप छोड़ी. लेकिन राजनेता होने के साथ ही पत्रकार और कवि के रूप में भी अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. अटल जी का जीवन संघर्षों से भरा रहा।जिसे उन्होंने अपने कविताओं और विचारों में बहुत ही संजीदगी के साथ उतारा। आज अटल जी की 99 वीं जयंती पर जानते हैं उनके ऐसे विचारों के बारे में जो अटल जी को हमेशा अमर रखेंगी।अटल जी के ये विचार आपमें सकारात्मक ऊर्जा और आशा का संचार करेंगी। इन अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष कुमरे, वरिष्ठ नेता अनिल जैन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक उइके, मंडल महामंत्री शत्रुजीत शुक्ला,चम्पालाल बडौदे, कुलदीप चौधरी, कपिल उइके, बृजमोहन मालवीय सहित लोग मौजूद थे।

## शब्द संस्था ने ढोल-नगाड़े से दी आत्मीय विदाई

# प्रो.सलिल दुबे हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जेएच कॉलेज के भौतिकी विभाग के मृदुभाषी, संगीत मर्मज्ञ एवं विषय भौतिकी में पारंगत प्रो.सलिल दुबे की सेवानिवृत्ति पर गर्मजोशी से उनको विदाई दी। इस मौके पर संस्था के नरेन्द्रसिंह ठाकुर ने कहा कि प्रो.सलिल दुबे विगत कई वर्षो से भौतिकी शास्त्र के प्राध्यापक रहे है वर्ष-2023 के दिसम्बर माह में आप सेवानिवृत्त हो रहे है। अपनी अध्यापन की अनूठी शैली से वे छात्र-छात्राओ के बीच काफी लोकप्रिय रहे है। अजाबराव झरबड़े और विभाष वर्धन पाण्डे ने कहा कि किसी भी छात्र-छात्रा को भौतिकी विषय में यदि किसी भी तरह की कोई समस्या आती थी तो उसके निदान के लिये प्रो.सलिल दुबे हमेशा तत्पर और उपलब्ध रहते थे।



शब्द संस्था व्दारा ढोल-नगाड़े और आतिश बाजी के साथ प्रो.सलिल दुबे का महाविद्यालय पहुंचकर पुष्पहार से स्वागत किया गया तथा उन्हे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# किसानों ने बिजली कार्यालय का किया घेराव, समझाइश के बाद मानें

**सारनी।** घोड़ाडोगरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली 172 गांव में लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने भारतीय किसान संघ के बैनर तले घोड़ाडोगरी के सब स्टेशन के समक्ष धरना प्रदर्शन कर बिजली घर का घेराव करके अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज का विरोध करने का कार्य किया है।जैसे ही 11:30 से 12 बजे के लगभग भारतीय किसान संघ के विनर तले धरना प्रदर्शन और आंदोलन किए जाने की जानकारी ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को लगी और बड़ी संख्या में किस सबस्टेशन घर घोड़ाडोंगरी पहुंचे तो सुरक्षा व्यवस्था के लिए रानीपुर घोड़ाडोगरी पुलिस के माध्यम से किसानों को समझाइए देने का काम किया जाता रहा लेकिन अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की वजह से किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है इस वजह से भारतीय किसान संघ व्यवस्था दुरुस्त किए जाने तक धरना प्रदर्शन पर अड़ी रही। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष अशोक मालैया ने बताया कि बिजली विभाग से हमाने तीन मांगो को लेकर हमारे द्वारा पूर्व में भी धरना प्रदर्शन किया जा चुका है बुधवार को जो धरना प्रदर्शन किया गया था उसको लेकर 22 दिसंबर को घोड़ाडोगरी तहसीलदार को इसकी सूचना दी जा चुकी थी। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के माध्यम से लो वोल्टेज की सबसे बड़ी समस्या और अघोषित बिजली इसके अलावा रतनपुर रानीपुर के पास सब स्टेशन का निर्माण किया जाना यह हमारी पुरानी मांग है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में रवि की फसल लगी हुई है और रवि की फसल में बिजली की आवश्यकता पड़ रही है। लेकिन बिजली विभाग के माध्यम से तीन फीडर जुवाडी,रानीपुर और सलैया से अलग-अलग बिजली की आपूर्ति करते हैं जिसकी वजह से किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बिजली कटौती के अलावा लो वोल्टेज किसानों के लिए सबसे बड़ा दुखदा मुद्दा बना हुआ है जिसकी वजह से मोटर बिजली से चलने वाले संयंत्र लगातार खराब हो रहे हैं। जिसकी वजह से किसानों को आर्थिक मानसिक और शारीरिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प दिखाई नहीं दे रहा उन्होंने यह बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों की चमड़ी मोटी हो जाने के कारण उन पर धरना प्रदर्शन आंदोलन का कोई फर्क नहीं पड़ता। इस वजह से इस बार उनके माध्यम से जब तक लिखित रूप से आश्वासन नहीं दिया जाए तब तक धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं किया जाएगा।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव अंतर्गत श्री सिध्दाथर्थ चौधरी पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में जिला खेल और युवा कल्यायण बैतूल द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिला स्तररीय वर्चुअल युवा उत्स व का आयोजन किया गया। वर्ष 2023 में शासन से निर्धारित विधाएं लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी अंतर्गत युवाओं से सीडी एवं हार्ड कापी के रूप में अपनी प्रस्तुनति दी गई। जिला स्त्रीय वर्चुअल युवा उत्संव 2023 में निर्णायकगणों में श्री हीरेन्द्रे शुक्लां, महेश गुंजेले, राजेश सरियाम, दिलीप टेकाम, सुखदेव गुजरे, गौरी बालापुरे, निमिशा शुक्लार, संगीता अग्रवाल मुख्या रूप से उपस्थित रहे। जिला स्त3रीय वर्चुअल युवा उत्स्व 2023 में प्रथम स्था न पर लोकनृत्य (सामूहिक)- एकलव्यल लोककला समिति बैतूल, लोकनृत्य (एकल)- राकेश बैतूल, भाषण झ कु सोनाली नागले, आमला, पोस्टोर मेकिंग- कु. कुयु निमोदा, बैतूल, फोटोग्राफी- अनुज भावसार, बैतूल की प्रस्तुति रही।

# आमला में सेमले और घोड़ाडोंगरी में दीवान संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

**बैतूल।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पंचायत उप चुनाव 2023 के अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य/पंच के लिए 5 मतदान एवं 9 जनवरी 2024 को मतगणना की जाएगी। मतगणना के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए आमला में श्याम बिहारी सेमले प्रभारी नायब तहसीलदार आमला एवं घोड़ाडोंगरी में प्रभारी नायब तहसीलदार प्रेमसिंह दीवान को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। पंचायत उप चुनाव 2023 के अंतर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत सदस्य/पंच के लिए 5 जनवरी 2024 को मतदान होना है। उप निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू संपादन कराने हेतु आमला में विवेक तुमराम सहायक यंत्री आरईएस, धनराज सूर्यवंशी (रिजर्व) विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह घोड़ाडोंगरी में फिरदौस शाह प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घाड़ाडोंगरी, प्रभा इक्का (रिजर्व) परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना को सेक्टर अधिकारी मनोनित किया है। भैंसदेही जनपद पंचायत में उप निर्वाचन के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू संपादन हेतु जितेन्द्र सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैंसदेही को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## एमपीपीएससी के माध्यम से हुआ चैन

# किसान की बेटी बनी शिक्षा विभाग की सहायक संचालक, परिवार में छाई खुशी की लहर

**मुलताई।** तहसील के ग्राम चिखलीकलां के सामान्य किसान साहबलाल सूर्यवंशी की बहु विजेता सूर्यवंशी का चयन एमपी पीएससी के माध्यम से सहायक संचालक, शिक्षा विभाग के पद पर हुआ है। गौरतलब हैं कि ये अभी सहकारिता निरीक्षक के पद पर कार्यरत थी इनके पति पंकज सूर्यवंशी भी मध्य प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर भोपाल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये नवयुगल दंपति अपनी सादगीपूर्ण शादी के लिए भी चर्चा में रहे है, इनके द्वारा इसी वर्ष रजिस्टर्ड विवाह कर बची हुई विवाह खर्च की राशि को अपने पंकवि फाउंडेशन के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियों की शिक्षा के लिए खर्च करने का अभूतपूर्व कदम उठाया गया है। जिसकी तत्कालीन




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, वरिष्ठ अधिकारी सहित समाज के सभी प्रबुद्धजनों ने सराहना की थी। विजेता के चयन से परिवार में खुशियों का माहौल है। विजेता ने अपने स्वर्गीय किसान पिता गंगाप्रसाद सूर्यवंशी का अपनी बेटी को अफसर बनाने का अपना पूरा किया है। विजेता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पापा-मम्मी, सास-ससुर, टीचर्स, भाई, दोस्तों और रिश्तेदारो के साथ विशेष रूप से अपने जीवनसाथी पंकज सूर्यवंशी को दिया है। विजेता ने सहायक संचालक के रूप में चयनित होकर अपने माता-पिता के सपनो को साकार किया है, जिन्होंने अत्यंत कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने बच्चों को उच्च शिक्षित कर इस काबिल बनाया। आज विजेता ने साबित कर दिया है कि बेटियां किसी पर बोझ नहीं है। पर्यावरण विद् एवं प्राचार्य आर.के. मालवीय, अशोक पचोरिया, बाबूलाल सूर्यवंशी, लेफ्टिनेंट शेखर ब्रह्ममें, उपायुक्त रविशंकर गौर, पूजा सूर्यवंशी, आशा सूर्यवंशी, आकाश सूर्यवंशी(भारतीय सेना), सौंदर्य सूर्यवंशी, उमेश सूर्यवंशी, विजय सांडिल, डॉ. चन्द्रभान आदि ने दी शुभकामनाएं।

## जिले के सबसे बड़े भंडारे में बनी पांच ट्रॉली पूड़ी, 40 गंज खीर और 40 गंज सब्जी

# श्री पांडरिया देव बाबा भंडारा में शामिल हुए 50 हजार लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ब्लॉक के ग्राम बरखेड़ में श्री पांडरिया देव बाबा का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस भंडारे को जिले के सबसे बड़े भंडारे के रूप में देखा जाता है। आज भंडारे में पांच ट्रॉली पूड़ी,40 गंज खीरऔर 40 गंज सब्जी बनाई गई है।भंडारे में लगभग 50000 से ज्यादा लोग प्रसादी लेने के लिए शामिल हुए हैं। इस भंडारे में बरखेड़ के अलावा सावंगा, बंडिया, हतनापुर, सेमरिया, पंडरी, सिलादेही, पिपरिया,घाट पिपरिया, निंबोटी और आसपास के एक दर्जन से ज्यादा गांव के हजारों ग्रामीणों का सहयोग रहता है। भंडारे में शामिल होने के लिए क्षेत्र के लोग दूर दूर से बरखेड़ पहुंचते हैं।मान्यता है कि बाबा का आशीर्वाद लेने के बाद ही उनका साल अच्छा गुजरता है। सभी लोग आकर मंदिर में पूजन करते हैं और फिर भंडारे में प्रसादी ग्रहण करते हैं। श्रद्धालु चेतराम ब नखेडे ने बताया कि भंडारे के लिए सभी ग्रामीण मदद करते हैं।

**भंडारे के लिए एक दिन पहले से बन रहा था भोजन**



बरखेड़ में भंडारे में लगभग 50 हजार से ज्यादा लोग प्रसादी ग्रहण कर असीम पुण्य की प्राप्ति की इतने बड़े स्तर पर भंडारे की व्यवस्था करना भी आसान नहीं है व्यवस्थापक बताते हैं कि कल शाम से ही भोजन बनाने की शुरुआत कर दी गई थी। सब्जी और खीर कल शाम से ही बनना शुरू हो गई थी। वहीं पुरिया आज सुबह से बनाई जा रही है।भोजन बनाने के लिए लगभग चूल्हे बनाए गए हैं, डेढ़ सौ चूल्हे पर एक साथ खाना बनाया जा रहा है।



### आज नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत निटाया और पवारखेड़ा में यात्रा

# विकसित भारत संकल्प यात्राः हितग्राहियों को किया गया हितलाभ का वितरण

भारत संकल्प यात्रा बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। जहां हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। साथ ही सरकार की योजनाएं बताईं।




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा सुचारू रूप से जारी है। संकल्प यात्रा के तहत हर पात्र व्यक्ति को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। जनपद नर्मदापुरम के ग्राम ऊंद्राखेड़ी और ब्यावरा में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ शर्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, जनपद सीईओ हेमंत सुत्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें। ग्राम ऊंद्राखेड़ी और ब्यावरा में सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊंद्राखेड़ी और ब्यावरा में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत चापड़ाग्रहण और भेंसादेह, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरपन और पारखी, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर और पांडुखेड़ी, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया रणधीर और निभौरा, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बिक्रोरी और मुड़ियाखेड़ी में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कलमशेरा और निमनमुढ़ा में संकल्प यात्रा पहुंची यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### आज इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

28 दिसंबर को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत निटाया और पवारखेड़ा में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर और बिसोनीकला, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हावार और सिंघोड़ी, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत नागपुरकला और पांडरी, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमखेड़ा और कलगवों, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत आरी और बज्जरवाड़ा में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर और शोभापुर में संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

## शराब पीने अड़ीबाजी कर मांगे पैसे, नहीं देने पर दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शराब के लिए पैसों की अड़ीबाजी का माला कोतवाली थाने में दर्ज किया गया है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को घटनास्थल राजेश मालवीय की फल ठेला के पास फरियादी सुनील पिता रमेश मालवीय निवासी माखननगर रोड को आरोपी गौरव जाटव निवासी मालाखेड़ी ने अड़ीबाजी कर शराब के लिए पैसे मांगे, नहीं देने पर आरोपी द्वारा उसे अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 327 और 506 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच एएसआई उमेश मिश्रा द्वारा की जा रही है।

# सिवनीमालवा की बिटिया का एमपी पीएससी में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



सिवनी मालवा की साहू परिवार की बेटी आयुषी साहू का एमपी पीएससी 2019 में चयन हो गया । मंगलवार रात मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 2019 का रिजल्ट घोषित किया। जहाँ वाणिज्य कर निरीक्षक के लिए आयुषी साहू का चयन हुआ जिसमे आयुषी ने 918.17 प्राप्तांक हासिल किए। वर्तमान में आयुषी साहू दतिया जिले में सी एम फेलो के पद पर कार्यरत हैं एवं जन सेवा मित्र की जिला समन्वयक है। आयुषी को दतिया जिले में अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए तत्कालीन गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा सम्मानित किया जा चुका है वही पीएम श्री एक्सीलेंस अवार्ड में कलेक्टर ट्रॉफी भी आयुषी प्राप्त कर चुकी हैं यह अवार्ड मध्यप्रदेश में दतिया जिले को मिला था। आयुषी के पिता अशोक साहू वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बी जमानी में प्राचार्य है। वही मां भारतीय जीवन बीमा निगम में अध्यक्ष क्लब सदस्य हैं। आयुषी के चयन से परिवार व सिवनी मालवा में हर्षोल्लास हे।

## श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक गायन प्रतियोगिताओं में बच्चों को किया जा रहा प्रेरित



**पिपरिया।** नगर के सरकारी कन्या विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र राज के द्वारा गीता जयंती के अवसर से स्कूल में विकासखंड स्तरीय श्रीमद् भागवत के श्लोक का गायन प्रारंभ कराया गया है। जिसमें सभी स्कूलों ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया। छात्रों ने प्रतियोगिता में विजय भी हासिल की। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एल रघुवंशी ब्रा प्रदीप शर्मा एवं सभी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ही एम राइज स्कूल के प्राचार्य संजीव दुबे एवं संस्कृत विद आचार्य कैलाश शर्मा रीवा संस्कृत विद्यालय से अंकुर पांडे प्रकाश मंडलोई सविता ठाकुर पी एन दुबे ए निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे विनोद भार्गव राकेश भार्गव सहित अतिथियों ने श्रीमद् भागवत गीता की छात्र जीवन में उपदेश विषय पर मार्गदर्शन दिया साथी गीता के महत्व पर प्रकाश डाला अंत में संस्था के प्रचार के द्वारा भी अपने विचार रखे गए। स्कूल में एक ही स्वर में सामूहिक रूप से छात्र-छात्राओं के द्वारा श्रीमद् भागवत गीता के 12 अध्याय के श्लोक का गायन एक स्वर में कराया गया ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में स्वास्थ्य शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पीपल्स हॉस्पिटल भोपाल के सौजन्य से विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें शिविर का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर समिति के अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष अभिषेक जैन द्वारा किया गया। जिसमें नैत्र रोग विशेषज्ञ डॉ कंचन सिंह, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ शिव शंकर कंडोले, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंशिता कपूर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित नागल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र पिपले ने मरीजों की जांच की शिविर में कुल 378 पंजीयन हुए जिसमें मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 55 मैरिज भर्ती किए गए। जिसमें हड्डी रोग से संबंधित पांच मरीजों भर्ती किया गया। स्त्री रोग से संबंधित उपचार हेतु 10 मरीजों को भर्ती किया गया एवं जनरल मेडिसिन के उपचार हेतु पांच मरीजों को भर्ती किया गया तथा शेष अन्य मरीजों को आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया। इस शिविर में एके शाक्य नेत्र चिकित्सा सहायक सोहागपुर भी उपस्थित रहे। इस शिविर में सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर की संचालन समित के कृष्ण कुमार पालीवाल, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे, सचिव राजा भैया पटेल, प्राचार्य अशोक कुमार दुबे की उपस्थिति में ऐसे संपन्न हुआ ।

# रेड क्रॉस की गतिविधियों से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी नर्मदापुरम के अध्यक्ष व कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले की समस्त स्कूलों में जूनियर रेड क्रॉस को सक्रिय कर बच्चों में समाज सेवा की भावना विकसित करने एवं उन्हें समाज सेवा से जुड़ने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी तारतम में भारतीय रेड क्रॉस जिला प्रबंधन समिति सह सचिव गौरव सेठ, जिला प्रबंधन समिति सदस्य किसान केशव साहू द्वारा शासकीय स्कूल आरी का भ्रमण किया गया। जिसमें स्कूल प्राचार्य से एवं मिलकर स्कूल में संचालित की जा रही। भारतीय रेड क्रॉस की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान बच्चों को रेड क्रॉस संस्था के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं उन्हें रेड क्रॉस संस्था के माध्यम से समाज सेवा के कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी बच्चों ने रेड क्रॉस की गतिविधियों के बारे में समझा एवं समाज सेवा में कार्य करने हेतु प्रेरित हुए। वहीं कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया, आने वाले समय में माखन नगर ब्लॉक अपितु संपूर्ण नर्मदा पुरम जिले में भारतीय रेड क्रॉस के अनेकों अनेक कार्यक्रम के माध्यम से मानव सेवा चरित्राथ किया जाएगा।

# निकला श्री हरसंगत द्वार का ऐतिहासिक नगर कीर्तन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बुधवार को श्री हरसंगत द्वार का ऐतिहासिक नगर कीर्तन निकला। इस दौरान सारे पुरुष महिला और बच्चे अनुशासित थे। यहां तक की पानी एवं पेय पदार्थ की खाली बोतले भी एकत्र करने के लिए सेवक चल रहे थे एवं कीर्तन के पीछे नगर पालिका के चल रहे कचरा वाहन में अनुपयोगी वस्तु डाली जा रही थी। नगर कीर्तन में अनुशासन ऐसा था कि सभी पंक्तिबद्ध चल रहे थे एवं कहीं पर भी ट्रैफिक जाम नहीं हुआ। प्रतिवर्ष सोहंग बाबा शेर सिंह विष्णु भगवान के हरि संगत द्वारा से नगर कीर्तन निकलता है जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ वापस हर संगत द्वार जाता है। नगर कीर्तन में पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश एवं मध्य प्रदेश से हर संगत द्वारा के अनुयाई आते हैं। पूरे नगर कीर्तन में महिला पुरुष और बच्चे सफेद वस्त्र और सफेद पगड़ी धारण किए हुए थे। इस नगर कीर्तन ने नागरिकों को प्रेरणा दी है कि ट्रैफिक भी जाम न हो, सड़कों पर कचरा भी ना हो और अनुशासित तरीके से कार्यक्रम हो। बहुत कम लोगों को यह जानकारी है कि यहां जो ग्रंथ है, उसके ग्रंथ नंबर 23 की लेखनी में प्रभु श्री राम के इटारसी आगमन की जानकारी है, जो उसे समय के लिखारी जी ने लिखी थी।

# वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली स्थित कार्यक्रम के निर्धारण के बाद पिपरिया विधानसभा में भी वीर बाल दिवस मनाया गया उसके कार्यक्रम का आयोजन किया गया गुरु गोविंद सिंह जी और उनके चारों साहब जादोको याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर एवं जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय बाग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा पुरषोत्तम रघुवंशी नवनीत सिंह नागपाल नगर पालिका अध्यक्ष नीना नागपाल सहित गीतेंदर साहु पार्षद तमाम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने उनके चारों साहब जड़ों का साहस और आदर्श आज भी लोगों के दिलों में प्रेरणा एवं ऊर्जा का संचार करता है नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने कहा कि वीर बाल दिवस उन सच्चे नायक और उन्हें जन्म देने वाली महान माता को बेजोड़ बहादुर के लिए राष्ट्र की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा सुरक्षा के लिए संकल्प का प्रतीक है भक्तों ने कहा कि बहादुरी की कोई उम्र नहीं होती है लेकिन प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार अप्रत्यक्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा और सिख समुदाय के इन साहब जड़ों को उनकी वीरगाथाओं को सुना जावेगा जिन्होंने भारत की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने का कार्य किया यह संकल्प का प्रतीक रहेगा शोर की पराकाष्ठा के समय कम आयु बहुत मायने रखती है लेकिन उसे समय भी बच्चों में बहुत उत्साह था।

## सहायक संचालक शिक्षा ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**सिवनी मालवा।** जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुघ्न प्रताप सिंह बिसेन के निर्देशानुसार सहायक संचालक शिक्षा सुनीता वाधवा ने विकासखंड सिवनी मालवा के शासकीय उमावि हिरनखेडा एवं शासकीय उमावि सोमलवाडा का आकस्मिक निरीक्षण किया। वाघवा ने दोनों स्कूलों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं छात्र-छात्राओं से पाठ्यक्रम पूर्ण होने की जानकारी ली। इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं नहीं हो रही है उसके स्थान पर कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विषय वार अभ्यास प्रश्न पत्र हल कराए जाएंगे। सहायक संचालक द्वारा छात्र उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए उपस्थिति बढ़ाने के संबंध में नोटिस जारी किए जाएं तथा पालकों से सतत संपर्क किया जाए। निरीक्षण के समय संकुल प्राचार्य राकेश साहू एवं सोमलवाडा प्राचार्य राममोहन रघुवंशी तथा स्टाफ के सदस्य राजेश देवडिया, अखिलेश यादव, शिव शंकर चौधरी, सबल सिंह सोलंकी, योगेंद्र मालवीय, सुनीता राजपूत, शिखा रघुवंशी, सुबोध कुमार शुक्ला, ऑपरेटर अर्पित कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना अन्तर्गत उद्योग, सेवा एवं खुदरा व्यवसाय अर्थात रिटेल ट्रेड के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये है। महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र कैलाश माल ने बताया कि योजना अंतर्गत उद्योग क्षेत्र के लिए 50 हजार से 50 लाख रूपये तक तथा सेवा अथवा खुदरा व्यवसाय के लिए 50 हजार से 25 लाख तक की परियोजना लागत सीमा निर्धारित की गई है। योजना में 18 से 45 वर्ष और न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है। योजना के तहत 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान त्रैमासिक की दर से 7 वर्ष तक देय होगा। योजना का संचालन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र ने बताया कि इच्छुक आवेदक मुख्यमंत्री उद्यम योजना तहत उद्योग के क्षेत्र में अनाज पिसाई, बेसन निर्माण, मसाला उद्योग, अचार निर्माण, पापड़ उद्योग, आलू चिप्स निर्माण, बेकरी उद्योग, मिल्क प्रोडक्ट, फेब्रीकेशन कार्य, फ्लेक्स निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, दोना पत्तल निर्माण के लिए संपर्क करें।

## नगर टोली के कीर्तन से जग रही हिंदुत्व की अलख



**इटारसी।** नगर की धार्मिक संस्था नगर टोली द्वारा जिस तरह से सनातन धर्म को जागने का प्रयास कर रहे हैं उससे जनमानस में भारी बदलाव देखा जा रहा है। बदलते इस युग में युवा धर्म के साथ सनातन धर्म की रक्षा के लिए इस तरह आगे आना निश्चित ही समाज में बदलाव की दिशा समझ में आने लगी है। नगर टोली द्वारा प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित मंदिरों में पहुंचकर भजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर कर हिंदुत्व की ज्योति जला रहे हैं। मंगलवार को पत्रकार कॉलोनी स्थित शिव धाम परिसर में नगर टोली द्वारा शानदार धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी गई एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही अयोध्या में बन रहे भगवान राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। समिति की ओर से पत्रकार संजय शर्मा ने समिति को बधाई देते हुए कहा कि आज के इस युग में युवा धर्म के प्रति इस हद तक लगाव रखते हैं। यह कल्पना से बाहर है पर आप सब किसको देखकर लगता है कि सनातन धर्म काफी मजबूत है।

### अतिथियों के लिए क्रिसमिस इव पर पराठा फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया

# होटल हाईलैंड में आयोजित की गई क्रिसमस पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी






मप्र का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में मप्र पर्यटन विकास निगम की इकाई होटल हाइलैंड द्वारा अपने यहां आए अतिथियों के लिए क्रिसमिस इव पार्टी का आयोजन किया गया। क्रिसमिस इव पार्टी में लाइव आर्केस्ट्रा म्यूजिक, डीजे, कैंप फायर साथ स्वादिष्ट व्यंजन भरोसे गए। पार्टी में इकाई प्रबंधन द्वारा मिकी माउस व सांता क्लास तैयार किए गए, जिनका हर वर्ग ने भरपूर आनंद उठाया व अति हाथियों ने मिकी माउस व सांता क्लॉस के साथ डांस भी किया। इकाई द्वारा बच्चों बुजुर्ग वह कपल हेतु अलग-अलग केक सेरेमनी आयोजित की गई। जिसमें सभी अतिथि बेहद रोमांचक नजर आए। मुंबई से अपने परिवार के साथ पधारे अतिथि अक्षत जवेरी, कोलकाता से आए अमिताभ द्वारा अपने अनुभव साक्षात करते हुए बताया गया कि होटल हाइलैंड प्रबंधन द्वारा क्रिसमस ईव का अद्भुत आयोजन किया गया है। क्रिसमस पार्टी में शामिल होने से हमारा यह ट्रिप बेहद यादगार हो गया है वह यहां आए सांता क्लास व मिकी माउस के साथ हमारे बच्चों ने बहुत आनंद की अनुभूति की है। इस सफल आयोजन हेतु हम मध्य प्रदेश पर्यटन निगम का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं व हमको ना होटल हाइलैंड पचमढ़ी आने हेतु उत्सुक है । प्रबंधक होटल हाइलैंड द्वारा बताया गया हमारे द्वारा अतिथियों के मनोरंजन एवं उन्हें पचमढ़ी में सुखद अनुभूति प्रदान करने हेतु प्रत्येक त्योहारों में विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाते रहे हैं व भविष्य में भी इसे निरंतर रखेंगे। आगामी 31 दिसंबर को इकाई में न्यू ईयर इव की पार्टी का भी भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके आयोजन में इंदौर से कलाकार बुलाये जा रहे हैं। क्रिसमस इव का आयोजन मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक (चालान), क्षेत्रीय प्रबंधक पचमढ़ी के मार्गदर्शन में किया गया। क्रिसमस इव में मध्य प्रदेश पर्यटन पचमढ़ी प्रक्षेत्र के समस्त प्रबंधक ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया, होटल हाइलैंड की टीम द्वारा उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कड़ी मेहनत की गई। जिसे हेतु पर्यटन निगम के अधिकारियों एवं अतिथियों ने होटल हाइलैंड टीम की प्रशंसा की एवं आगामी भविष्य हेतु शुभकामनाएं भी दी ।

### क्रिसमस ईव पर पराठा फूड फेस्टिवल का आयोजन

मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम की इकाई होटल ग्लेन व्यू द्वारा अतिथियों हेतु क्रिसमिस इव पर पराठा फूड फेस्टिवल आयोजन किया गया। इकाई द्वारा पराठा फूड फेस्टिवल में जायकेदार वेज एवं नॉनवेज पराठे - गोभी पराठा, मेथी पराठा,आलू पराठा, मसाला पराठा, मूली पराठा, कोकोनट पराठा, लच्छा पराठा, मिलत पराठा,मक्का पराठा, ज्वार पराठा, बाजार पराठा, कबाब पराठा, दाल पराठा,मटर पराठा, कीमा पराठा, मटन आचार पराठा, लहसुन पराठा, मुर्गी स्पेशल परांठा, पनीर पराठा, आमलेट पराठा तैयार कर अतिथियों को लाइव काउंटर से पर उसे गए जिसका अतिथियों ने भरपूर आनंद उठाया वह अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इतनी वैरायटी के पराठे एक स्थान पर हमने पहली बार अनुभव किए हैं वह सभी पराठे बेहद स्वादिष्ट हैं।

पराठा फेस्टिवल में क्रिसमस ईव को सेलिब्रेट करने हेतु केक सेरेमनी का भी आयोजन किया गया साथ ही अतिथियों द्वारा लाइव म्यूजिक व डीजे का भरपूर आनंद उठाते हुए डांस का भी आनंद लिया गया। क्रिसमस शिव व पराठा फूड फेस्टिवल का आयोजन क्षेत्रीय प्रबंधक एयू खान के मार्गदर्शन में ग्लेन व्यू प्रबंधक नितिन कटारे एवं ग्लेन व्यू टीम द्वारा फूड फेस्टिवल का सफल आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में एचएस दंडोतिया प्रबंधक चंपक बंगला, अनिल राय प्रबंधक होटल हाईलैंड, आशीष गुप्ता प्रबंधक होटल अमलतास ने अपना सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। मुक्त आयोजन में होटल ग्लेन व्यू की टीम द्वारा कड़ी मेहनत कर विविध प्रकार के व्यंजन तैयार किए गए जिस हेतु अतिथियों द्वारा उनकी बेहद सराहना की गई।

# 15 विद्यार्थियों ने फाइनल राउंड में दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




जीनियस प्लानेट सीनियर सैकंड्री स्कूल में कक्षा 9 वी से 12 वीं तक विद्यार्थियों के लिए फाइनल एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के पहले राउंड के लिए 32 विद्यार्थियों का ऑडिशन लिया था जिसमें से 15 विद्यार्थियों ने फाइनल राउंड में गायन की प्रस्तुति दी। इस दौरान स्वरधाम संगीत विद्यालय के सज्जन लोहिया एवं निनाद ग्रुप के संस्थापक सदस्य आलोक गिरोटिया निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। दोनों ही निर्णायक ने विद्यार्थियों को गायन पश्चात संगीत की बारीकियों को बताया एवं विद्यार्थियों द्वारा दी प्रस्तुतियों को सराहा। प्रोग्राम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से की गई। स्कूल संचालक जाफर मनीता सिद्दीकी ने आमंत्रित अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। प्रतिभागियों द्वारा एकल गायन की प्रस्तुति गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना चौरे, द्वितीय स्थान हार्दिक राठी एवं तृतीय स्थान गायत्री धुमाल ने प्राप्त किया तथा सांत्वना पुरस्कार अयम दुबे, वेदिका मेहतो, आंशी दुबे ने प्राप्त किया। निर्णायकों ने सुर एवं ताल का ज्ञान देते हुए विद्यार्थियों के समक्ष अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के समापन में स्कूल प्राचार्य विशाल शुक्ला ने आभार व्यक्त करने के साथ आमंत्रित आतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## बिना अनुमति के काट रहे कॉलोनी, नगर परिषद ने लिखा अधिकारियों को पत्र

# कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिराली

पिछले कई वर्षों से सिराली में अवैध कॉलोनी का कारोबार फल फूल रहा है। कृषि की भूमि पर बिना किसी की अनुमति के कॉलोनी काटकर धड़ल्ले से महंगे दामों पर बिना किसी सुविधा के प्लॉट बेच देते हैं। बाद में कॉलोनी वासियों को सुविधा के लिए शासकीय कार्यालय से रोड बिजली पानी एवं पानी निकासी की गुहार लगाते रहते हैं। सिराली नगर में लगभग 12 अवैध कॉलोनियों के कृषि भूमि पर प्लाट काटकर बेचना शुरू कर दिया। जिसमें न तो किसी भी प्रकार से प्रशासनिक अनुमति नहीं होती हैं। कॉलोनीवासियों को कॉलोनी में न तो पानी निकासी की सुविधा, न पीने के पानी की सुविधा और न रोड न बिजली की सुविधा की गई। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों पर तरह तरह के आरोप भी लगे। अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदकर बनाने पर सरकार पूरी कॉलोनी को राजसात कर अपने कब्जे में ले सकती है। फिर सरकार नियमानुसार प्लॉट धारकों को नियमानुसार प्लॉट दे सकती है। बिना डायवर्सन के प्लॉट खरीदने पर राजस्व विभाग अथवा नगर पालिका प्लॉट मालिक से लेकर कॉलोनाइजर पर कार्रवाई कर सकती है। इसके अलावा नपा अवैध कॉलोनी में सीवर लाइन, पाइप लाइन, सीसी सड़क, बिजली व अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा सकती है।

### कॉलोनाइजर पर जुर्माने तक की कार्रवाई नहीं हुई



मप्र नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के तत्कालीन आयुक्त ने 16 अक्टूबर 2018 को एक पत्र सभी कलेक्टर और नगर पालिका निगम आयुक्त को जारी किया था। जिसमें कहा था कि 31 दिसंबर 2016 के पश्चात निर्मित की जाने वाली समस्त अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्रवाई करने का प्रावधान है। पत्र में उल्लेख किया गया कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग प्रमुख सचिव द्वारा बैठक 12 अक्टूबर 2018 को की गई थी जिसके संदर्भित पत्र 15 अक्टूबर 2018 अनुसार प्रदेश में जिन स्थानों पर अवैध कॉलोनी निर्माण की सूचना प्राप्त हो रही है उन्हें रोकने के लिए सक्षम प्राधिकारी अर्थात कलेक्टर, आयुक्त, नगर पालिका निगम मप्र को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाए। नगर पालिका ने 31 दिसंबर 2016 से बनीं 27 कॉलोनियों को वैध कर अंतिम प्रकाशन कर दिया। 31 दिसंबर 16 के बाद बनने वाली एक भी कॉलोनी के कॉलोनाइजर पर जुर्माने तक की कार्रवाई नहीं हुई। जबकि नगरपालिका अधिनियम 1961 कॉलोनाइजर रजिस्ट्रीकरण नियम 1988 धारा 4 दिनांक 22 अप्रैल 2013 के तहत नगरपालिका सीमा के लिए कलेक्टर को कॉलोनाइजर रजिस्ट्रीकरण रोकने एवं निरस्त करने का अधिकार शासन की ओर से दिया गया है।

#### पत्र जारी किया

हमने हमारी ओर से अनुविभागी अधिकारी को अवैध कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई करने के लिए पत्र जारी कर दिया है। नगरीय प्रशासन में अनुविभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर को ही यह कार्रवाई करने के पावर हैं। इसलिए हमारे द्वारा उन्हें लेटर भेज कर सूचना दे दी गई है।

**राहुल शर्मा, सीएमओ, नगर परिषद सिराली**

#### कार्रवाई करेंगे

अभी मैंने नगर परिषद द्वारा भेजे गए पत्र को देखा नहीं है। देखते ही मैं अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करूंगा।

**अशोक कुमार डेहरिया, एसडीएम खिरकिया**

## डिप्टी कलेक्टर पद पर हुई चयनित

# सलोनी अग्रवाल को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में मिली प्रदेश में आठवीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या



मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा 2021 में सलोनी पिता गिरिराज अग्रवाल ने मध्य प्रदेश में आठवीं रैंक प्राप्त की है। उन्हें डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चयनित किया गया है। उक्त परीक्षा के परिणाम मंगलवार रात्रि में घोषित किए गए। जिसमें कु.अग्रवाल की सफलता से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय कि उक्त प्रारंभिक परीक्षा 2019 में आयोजित की गई थी, जिसे स्थगित कर दिया गया था। जो 12 जनवरी 2020 में पुनः आयोजित की गई थी। इसमें उत्तीर्ण होने के बाद उन्होंने 21 से 26 मार्च तक आयोजित मुख्य परीक्षा में हिस्सा लिया। वहीं उन्होंने लोक सेवा आयोग के इंदौर कार्यालय में 11 अगस्त 2020 को साक्षात्कार दिया था।

ज्ञातव्य रहे कि उनकी प्राथमिक शिक्षा कक्षा पांचवी तक स्थानीय निजी आदर्श शिक्षा निकेतन में 2007 तक हुई थी। यह जानकारी उनके ताऊजी कृष्ण कुमार अग्रवाल ने दी है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके बाद उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय जूनापानी (सनावद) में हुआ। वहां उन्होंने कक्षा 6 से 12वीं तक अध्ययन किया। फिर उन्होंने इंदौर के प्रेस्टीज कॉलेज में वर्ष 2015 से वर्ष 2018 तक बीबीए की शिक्षा प्राप्त की। सलोनी ने बताया कि वे प्रारंभ से ही प्रशासनिक सेवा में जाने की इच्छुक थी और उन्होंने इसी दिशा में कड़ी मेहनत की तो उन्हें उक्त सफलता हासिल हो सकी है। वे इसे ईश्वरीय कृपा और अपने माता-पिता सहित सभी के आशीर्वाद का प्रतिफल मानती है। उन्होंने रुंधे गले से कहा कि कोरोना काल में उनके पिता की असामयिक मृत्यु हो गई थी।उन्होंने मुझे सदैव संबल प्रदान किया था और इस कमी को मेरी माता रेखा ने पूरा किया। यदि मेरे पिता हमारे बीच होते तो मेरी खुशियां कई गुना और बढ़ जाती। लेकिन वे जीवन भर मेरे लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे और मैं उन्हें आदर्श मानकर जन सेवा के कार्य में पीछे नहीं हटूंगी।



## अमरजीत का रणजी ट्रॉफी टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के अमरजीत सिंह का मध्य प्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम में चयन हुआ है। हरदा जिले के इतिहास में यह पहले खिलाड़ी है, जिनका मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम के लिए चयन हुआ है। जानकारी हरदा जिला क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव हेमंत गोस्वामी द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष कपिल फौजदार और मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा सहयोग से अमरजीत सिंह का चयन मध्यप्रदेश रणजी ट्रॉफी टीम के लिए हुआ है।

## राहुल गांधी की यात्रा पर बीजेपी सांसद का बयान, कहा-

# जितनी यात्राएं वो निकालेंगे बीजेपी पार्टी उतनी मजबूत होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा




मध्यप्रदेश की खंडवा लोकसभा से बीजेपी सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का भगवान राम को लेकर बयान सामने आया है। जिसमें सांसद पाटिल ने कहा है, कि भगवान राम केवल भारतीय जनता पार्टी के नहीं है। भगवान राम उन सभी के हैं, जो सनातन धर्म में विश्वास रखते हैं। सांसद ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि हकांग्रेस तो भगवान राम को हमेशा काल्पनिक बताती रही है। बोलती है, राम कभी थे ही नहीं। रामसेतु कभी था ही नहीं। इसलिए हम कह रहे हैं, कि जिनकी भी सनातन धर्म में आस्था है। वो लोग आए और भगवान राम से आशीर्वाद लेकर अपने जीवन का उद्धार करें। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक निकलने वाली यात्रा पर बीजेपी सांसद ने तंज कसते हुए कहा कि ह्रराहुल गांधी ने जहां-जहां यात्रा निकाली उनकी यात्रा का क्या असर हुआ है, आपने भी देखा है। हम तो चाहते हैं,कि वो रोज़ यात्रा निकालते रहे। जितनी यात्राएं वो निकालेंगे, उतनी भारतीय जनता पार्टी मजबूत होगी।

## ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में हरदा के कपिल दुबे ने लिया भाग

# 'राजनीति के धनी अटल जी, तख्ते हिन्द पहचान थे'

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

हिन्दी साहित्य प्रचार सभा, चरखी दादरी एवं आओ कविता करना सीखें समूह के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में ऑनलाइन काव्य ग़ोष्ठी का आयोजन किया गया। सभा अध्यक्ष रोशनी शर्मा के सान्निध्य में हुई इस ग़ोष्ठी में भिवानी के वरिष्ठ साहित्यकार विजेंद्र ग़ाफ़लि कार्यक्रम अध्यक्ष, गाँधी नगर गुजरात से आत्मप्रकाश कुमार मुख्य अतिथि एवं दिल्ली की वरिष्ठ साहित्यकारा राधा गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे।

संस्था महासचिव जितेंद्र गोयल जुगनू ने संस्था का परिचय देते हुए अपनी रचना प्रस्तुत की। संस्था अध्यक्ष रोशनी शर्मा ने जन-जन के अटल सम्राट तुम्हारा सत्य अटल' मुख्य अतिथि आत्मप्रकाश कुमार ने अटल महा नेता थे है यह सब ने माना, युगों-युगों तक याद रहेंगे अटल बिहारी।' विशिष्ट अतिथि राधा गोयल ने 'सारे जग में नाम रहेगा अटल तुम्हारा। चमक रहे आकाश में बनकर एक सितारा।' दिनेश शास्त्री दर्शक ने 'हम आज एक कविराज की सुन्दर याद दिलाते हैं। देशभक्त पावन पुनीत जन की झलक दिखाते है।' रमेश चंद्र शाह (अहमदाबाद) ने राजनीति के धनी अटल जी, तख्ते हिन्द पहचान थे। राजनीति के माहिर नेता, देश-रत्न रूप खान थे।' रचना के माध्यम से अटल जी को याद किया। अध्यक्ष विजेंद्र ग़ाफ़लि ने, जिया उदास, बुझी न प्यास, सारी दुनिया है बकवास। धोखा है अपनो के पास। कैसा चंदन बू न बास' ग़ज़ल प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। पुष्पलता आर्य ने 'फ़क़त धोखा है, सहरा में नमी हासिल नहीं होती। ये ऐसी प्यास है जिसकी कोई मंज़लि नहीं होती।' सत्यवती आचार्य (चण्डीगढ़) ने 'बढ़े चलो तुम बढ़े चलो' रचना सुनाई, कविता मधुर (मेरठ) ने 'कितने ही गीत मौन बन रहा जाते हैं', योगेश समदर्शी (मेरठ) ने 'बडे नेता हैं सरकारी हिसाबों से वो बचते हैं। जो सीधे और सच्चे हैं नवाबों से वो बचते हैं। नहीं जाते हैं पुस्तक की दुकानों पर भी अब लेखक। बड़े लिक्कखाड़ हैं लेकिन किताबों से वो बचते हैं' रचना से पुस्तक से विमुख नई पीढ़ी पर व्यंग्य कसा, राकेश कुमार पंडित (वैशाली, बिहार) ने 'बाक़ी सब बेमानी है, असली यही कहानी है। झूठे का है बोलबाला, सच्चा पानी-पानी है। ग़ज़ल से सबका प्रोत्साहन बटोरा। जिले सिंह शास्त्री ने 'चहके बेटी आंगन तो घर पावन लगता है। कपिल दुबे (हरदा मप्र) ने हो संकल्पित मन हो प्रफुल्लित हर्ष मनाना है। नव वर्ष मनाना है।

# वार्ड में बोरिंग करवाने के लिए सांसद पाटिल का क्षेत्र वासियों ने माना आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के सहयोग से भगत सिंह वार्ड में बोरिंग के माध्यम से मां नर्मदा का हुआ प्रवेश, भगत सिंह वार्ड के सोनकर आवार गली में पानी की समस्या बनी रहती थी, सांसद प्रवक्ता सुनील जैन इस समस्या से निदान पाने के लिए लोकप्रिय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल से क्षेत्र में बोरिंग सांसद निधि से करवाने का अनुरोध किया, श्री पाटिल ने बोरिंग कार्य के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया सांसद निधि से स्वीकृत नलकूप खनन का कार्य निगम की ओर से किया गया जिसमें भरपूर पानी निकलने से क्षेत्र वासीयो में खुशी की लहर दौड़ गई, शीघ्र ही निगम प्रशासन द्वारा बोरिंग पर मोटर पंप स्थापित कर पानी की समस्या को दूर किया जाएगा, नलकूप खनन की सौगात देने के लिए वार्ड पार्षद इकबाल कुरैशी, क्षेत्र वासियों चैन सिंह वर्मा, पवन रावका, अजीत जैन, महावीर रावका, संजय जैन, सचिन जैन, मुकेश वर्मा ने सांसद का आभार माना।

## गर्म कपड़े और पौष्टिक आहार किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बुधवार को आंगनबाड़ी केन्द्र सांवलखेड़ा में पूर्व परियोजना अधिकारी वंदनबाला सिंह व उनकी पुत्री ऋचा सिंह ने आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए गर्म कपड़े व पौष्टिक आहार भेंट किए। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# संकल्प यात्रा के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जनकल्याण की प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिये भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को ग्राम ऊवां, सांवलखेड़ा व कड़ोलाराघौ पहुंची। ग्राम सांवलखेड़ा व कड़ोलाराघौ में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में समझाया गया। साथ ही किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किये गये। इस दौरान ग्राम सांवलखेड़ा व कड़ोलाराघौ में किसानों के समक्ष ड्रोन से नेनो यूरिया छिड़काव की प्रक्रिया के बारे में भी समझाया गया। ग्राम सांवलखेड़ा में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने उन्नत किसानों को प्रशस्ती पत्र वितरित किये। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम कड़ोलाराघौ में बच्चों के बीच हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान किये और उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत के संबंध में शपथ दिलाई। इसके अलावा गांव के उन्नतशील किसान अवध हीर ने प्राकृतिक खेती के लाभ के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी।

## भाजपा संगठन ने पार्टी की ओर से सईद कुरैशी को बनाया प्रत्याशी

# जाकिर हुसैन वार्ड के उपनिर्वाचन में चार प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



चुनाव निर्वाचन द्वारा वार्ड क्रमांक 41 डॉक्टर जाकिर हुसैन वार्ड पार्षद का उप निर्वाचन 5 जनवरी को होना है, नाम वापसी के बाद इस वार्ड के चुनाव के लिए चार प्रत्याशी मैदान में है ,प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि भाजपा संगठन द्वारा जाकिर हुसैन वार्ड के पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए सईद कुरेशी को प्रत्याशी नियुक्त किया है। 5 जनवरी को होने वाले पार्षद चुनाव के लिए सईद कुरैशी ने अपना प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है, इस उपचुनाव में कांग्रेस से बबलू पटेल उर्फ तारीक, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादौल मुस्लिमीन एमआईएम से मुदस्सर खान और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मोहम्मद जाफर चुनाव में खड़े हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल एवं संगठन द्वारा पार्टी की ओर से सईद कुरैशी को प्रत्याशी नियुक्त किया है, जिला महामंत्री अरुण सिंह मुन्ना ने उन्हें बी फार्म फॉर्म प्रेषित किया ।

## वस्त्र विक्रेता संघ का दीपावली, ईद, गुरुपर्व मिलन समारोह आयोजित

# 'खंडवा को नंबर वन लाने व्यापारी वर्ग का सहयोग आवश्यक'




**खंडवा।** वस्त्र विक्रेता संघ खंडवा का दीपावली ईद गुरु पर्व मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल थे,वहीं विशेष अतिथि खंडवा विधायक कंचन तनवे,नगर पालिक निगम महापौर अमृता यादव, वरिष्ठ समाजसेवी एवं राजनेता डॉ मुनीष मिश्रा,चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सुनील बंसल,सचिव संतोष गुप्ता और कोषाध्यक्ष गोवर्धनदासगोलानी थे। वस्त्र विक्रेता संघ के उपाध्यक्ष कमल नागपाल और प्रवक्ता मुदित जेतली द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि यह आयोजन विगत रात्रि इंदौर रोड स्थित एक निजी होटल में रखा गया था।

समारोह में आए अतिथियों का स्वागत वस्त्र विक्रेता संघ की ओर से गणेश गुरबानी,सरदार महेंद्र सिंह छाबड़ा,राजीव शाह,बशीर मलिक, एम यूनुस, रवि शाह, राजीव बाहेती, संतोष मंगवानी, युसूफ भाई, मुदित जेतली, मनोज उधलानी, देवेंद्र बजाज, संजय चंचलानी, परमानंद जैन, नूर मोहम्मद, मेघराज चंदवानी, राकेश शर्मा, महेंद्र शाह, हनी छाबड़ा संतोष मंगवानी, निखिल शाह और भारत जेठवानी आदि ने किया। स्वागत उद्बोधन संस्था अध्यक्ष गणेश गुरबानी द्वारा दिया गया। इसके बाद उपाध्यक्ष रवि शाह ने संस्था द्वारा जारी डायलिसिस प्रोजेक्ट पर अपने विचार रखे एवं पुनः आरंभ करने की आवश्यकता जताई। खंडवा के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ मुनीष मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विडंबना ही है कि डायलिसिस के मरीज दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं।ऐसे में डायलिसिस की सुविधा को अनवरत बनाए रखने तथा इस और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

#### व्यवसाय दिनों दिन प्रगती और उन्नति करे

विधायक कंचन तनवे ने अपने उद्बोधन में व्यापारियों को दीपावली, ईद,गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि आने वाले वर्ष में आप सभी का व्यापार व्यवसाय दिनों दिन प्रगती और उन्नति करे, जिससे शहर का भी विकास हो। खंडवा की प्रथम नागरिक महापौर अमृता यादव ने भी उपस्थित सदस्यों को आने वाले नव वर्ष के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खंडवा को नंबर वन लाने के लिए व्यापारी वर्ग का भी सहयोग अत्यंत आवश्यक है।जनसहयोग के बिना यह संभव नहीं। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वस्त्र विक्रेता संघ चैंबर की सक्रिय संस्थाओं में सदैव शामिल रही है। चेंबर के सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि समस्याएं तो खंडवा में बहुत हैं। समस्याएं कभी भी समाप्त नहीं होगी हमें समस्याओं के समाधान की ओर सोचना चाहिए। चेंबर के कोषाध्यक्ष गोवर्धनदास गोलानी ने भी व्यापारियों को दीपावली, ईद, गुरु पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम में हरीश कोटवाले, सांसद प्रतिनिधि एवं नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष अमर यादव,दिनेश पालीवाल, आशीष चटकेले, मोहन गंगराड़े,शांतनु दीक्षित, सांसद प्रतिनिधि सागर आरतानी भी उपस्थित थे।

